भारत स्काउट्स एवं गाइड्स

बेहतर भारत के निर्माण की ओर

राष्ट्रीय मुख्यालय

पताः लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली–110002

वेबसाइटः **www.bsgindia.org** इमेल आईडीः **info@bsgindia.org** दूरभाषः**+91-11-23370126, 23378667**

परिपत्र संख्या : 05/2022

दिनाँक : 05 जनवरी, 2022

प्रति,

समस्त राज्य सचिव

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ

भारतीय संघ

विषयः– राष्ट्रीय मुख्यालय, नई दिल्ली के कार्यालय में 06/01/2022 से भौतिक रूप से जन कार्यों पर रोक के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

आप सभी को सुखद एवं समृद्ध नववर्ष 2022 हेतु शुभकामनाएं।

आपको यह सूचित किया जाता है कि दिल्ली में बढ़ते हुए कोविड मामलों एवं ओमीक्रोन वेरिएंट के उद्भव के दृष्टिगत 16, महात्मा गाँधी मार्ग, इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली स्थित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय सोशल डिस्टेंसिंग एवं अन्य आधिकारिक प्रोटोकॉल को बनाए रखते हुए सरकार द्वारा जारी सख्त दिशानिर्देशों का पालन कर रहा है। ओमीक्रोन वेरिएंट के उद्भव के पश्चात कोविड मामलो की बढ़ती संख्या को देखते हुए 06/01/2022 से सभी भौतिक जन कार्यों पर रोक लगा दी गई है। केवल ईमेल/डाक के माध्यम से ही कार्यवाही की जाएगी।

यह भी सूचित किया जाता है कि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय की गुवाहाटी, बैंग्लूरू, कलकत्ता, न्यू अशोक नगर दिल्ली, गदपुरी हरियाणा, कुर्सियांग दार्जिलिंग एवं पचमढ़ी, मध्य प्रदेश में स्थित सभी शाखाएँ स्थानीय सरकार के दिशानिर्देश के अनुसार कार्य करेंगी। राष्ट्रीय संस्था के दैनिक प्रशासनिक कार्य केवल ईमेल एवं डाक के माध्यम से किये जायेंगे।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राज्य संघों के अधिकारी संगठन से सम्बन्धित किसी भी कार्य के लिए ईमेल द्वारा info@bsgindia.org पर सम्पर्क कर उसकी एक प्रति director@bsgindia.org पर प्रेषित कर सकते हैं या किसी भी आवश्यक प्रकरण में फोन पर सम्पर्क कर सकते हैं। कृपया इसे सभी सम्बन्धित हितधारकों को सूचित करने की कृपा करें।

मास्क, सैनिटाइजर का उपयोग कर सुरक्षित रहें एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

आपको हुई असुविधा के लिए खेद है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(राजकुमार कौशिक)
निदेशकDS

प्रतिलिपि :–

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष/सचिव, रेलवे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, **18** इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली–**110016।**
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी–**15**, सेक्टर–**62**, नोएडा, उत्तर प्रदेश–**201309।**
5. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथक्लब।
6. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण हेतु।

AS1/05.01.2022